# उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून की सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की 24 वीं बैठक दिनांक 04.01.2021 का कार्यवृत्त

**बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थे:—**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० नरेन्द्र एस० चौधरी, कुलपति, यू0टी0यू0, देहरादून | अध्यक्ष |
| 2. | निदेशक, एस0आई0टी0 पिथौरागढ़ | सदस्य (ऑनलाइन उपस्थित) |
| 3. | निदेशक, एस०आई०एच०एम० एण्ड सी०टी०, टिहरी | सदस्य |
| 4. | निदेशक, बी०टी०के०आई०टी०, द्वाराहाट। | सदस्य (ऑनलाइन उपस्थित) |
| 5. | निदेशक, आई0टी0 गोपेश्वर, चमोली | सदस्य (ऑनलाइन उपस्थित) |
| 6. | निदेशक, बिरला इन्स्टीटयूट ऑफ एल्पाइड सांइसेज, भीमताल | सदस्य |
| 7. | निदेशक, कालेज आफ इंजी0 रूड़की, रूड़की | सदस्य |
| 8. | निदेशक/प्राचार्य, सिद्धार्था लॉ कॉलेज, देहरादून | सदस्य |
| 9. | प्रो0 दुर्गेश पन्त, उत्तराखण्ड ओपन विश्वविद्यालय, | सदस्य (ऑनलाइन उपस्थित) |
| 10. | प्रो0 एच0सी0 पुरोहित, दून विश्वविद्यालय, देहरादून | सदस्य |
| 11. | श्रीमती कविता नबियाल, वित्त नियंत्रक, यू0टी0यू0, देहरादून | आमंत्रित |
| 12. | सहायक कुलसचिव, यू0टी0यू0, देहरादून | आमंत्रित |
| 13. | कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, यू0टी0यू0, देहरादून | सदस्य—सचिव |

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व मा0 कुलपति महोदय/अध्यक्ष परीक्षा समिति द्वारा समिति के सभी सदस्यों एवं आमंत्रितों का स्वागत किया गया, जिसके उपरान्त बैठक प्रारम्भ की गयी।

**(A) परीक्षा समिति की 23 वीं बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि**

**विनिश्चय**— परीक्षा समिति की 23 वीं बैठक दिनांक 19.06.2020 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि।

(B)एजेण्डा बिन्दु—24 (1)

1. **कोविड के कारण विभिन्न तकनीकी पाठ्यकमों के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ्म सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं की परीक्षायें सम्पादित नहीं हो सकी। अतः एआईसीटीई एवं यूजीसी के मानकों एवं नियमों के अनुसार ऐसे छात्रों के अगले सेमेस्टर /वर्ष में प्रोन्नत किये जाने हेतु चर्चा।**

**प्रस्ताव**—बी0 टेक पाठ्यक्रम के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम् सेमेस्टर, बी0एच0एम0सी0टी0ई0 द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम् एम0टेक द्वितीय, एम0बी0ए0 द्वितीय, एम0बी0ए0 इन्टीग्रेटेड द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम एवं अष्ठ्म्, एम0सी0ए0 द्वितीय एवं चतुर्थ तथा बी0आर्क के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम् सेमेस्टर की कोविड वैश्विक महामारी के कारण छात्रों की परीक्षायें सम्पादित नहीं हो सकी। ऐसे छात्रों को प्रोन्नत करने हेतु जारी AICTE के द्वारा दिये गये निर्देश दिनाक 13.08.2020 तथा UGC के द्वारा जारी गाईड लाईन दिनांक 04.06.2020 में निम्न व्यवस्था दी गयी है।

Students of intermediate semester/term/ year, the grading of the students could be composite of 50 % marks on the basis of the pattern of internal evaluation/ assignment based evaluation adopted

by the university / college/faculty/ centre wherever applicable and the remaining 50% marks can be awarded on the basis of performance in previous semester/ term/ year only.

For students of intermediate semester/term/ year, having no previous performance i,e, having no marks in previous semester/term/ year, shall be graded on the basis of 100% assignment based evaluation.

उक्त के क्रम में छात्रों को अगले (Next) सेमेस्टर में प्रोन्नत हेतु प्रस्ताव निम्नानुसार हैः–

1. सैद्धान्तिक तथा प्रयोगात्मक विषयों में Internal marks शत् प्रतिशत संस्थानों द्वारा तथा External marks में 50 प्रतिशत मार्क्स संस्थानोंा द्वारा Assessment के आधार पर 50 प्रतिशत विश्वविद्यालय द्वारा विगत सेमेस्टर से प्राप्त अकों के औसत के अनुसार दिये जायेंगे। यदि कोई छात्र अनुत्तीर्ण होता है तो उसे न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्रदान किये जायेगे। इस हेतु एक Software Design किया जायेगा। Software Design हेतु धनराशि का वहन विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा। पूर्व की भॉति छात्र/छात्रों का उपरोक्त सेमेस्टर का परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय को संस्थानों द्वारा निर्धारित धनराशि जमा की जायेगी। प्रोन्नत केवल Regular उन छात्रों को ही किया जायेगा जिनकी परीक्षा शुल्क संबंधित संस्थान के माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।
2- पूर्व सेमेस्टरों के छात्रों की बैक पेपर परीक्षा पूर्व की भॉति Odd/Even Semester के अनुसार की जायेगी तथा बैक पेपर में प्रोन्नत की सुविधा नहीं दी जायेगी।

**प्राप्त सुझाव–** डॉ0 विद्यार्थी, निदेशक, एस0आई0टी0 पिथौरागढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि कोविड के कारण इण्टरमीडिएट सेमेस्टरों की लिखित परीक्षा न होने के कारण प्रोन्नत हेतु छात्रों से लिये जाने वाले परीक्षा शुल्क में कमी की जाय।

**विनिश्चय–**

1. परीक्षाफल घोषित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा एक Softwar Develop किया जायेगा। परीक्षा के अतिरिक्त छात्रों को Marksheet, TR का निर्माण, रिजल्ट प्रोसेसिंग इत्यादि का कार्य किया जाता है जिस हेतु धनराशि की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त कोविड–19 के कारण कतिपय छात्र अन्तिम वर्ष की परीक्षा नहीं हो सकी तो उनकी परीक्षा भी आयोजित की जानी है। जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे छात्रों से मिलने वाला शुल्क से अधिक धनराशि की आवश्यकता होगी। अतः उक्त के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि प्रोन्नत किये गये छात्रों से नियमानुसार 60 प्रतिशत परीक्षा शुल्क लिया जायेगा।
2. सैद्धान्तिक तथा प्रयोगात्मक विषयों में Internal marks शत् प्रतिशत संस्थानों द्वारा तथा External marks में 50 प्रतिशत मार्क्स संस्थानोंा द्वारा Assessment के आधार पर 50 प्रतिशत विश्वविद्यालय द्वारा विगत सेमेस्टर से प्राप्त अकों के औसत के अनुसार दिये जायेंगे। यदि कोई छात्र अनुत्तीर्ण होता है तो उसे न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्रदान किये जायेगे। इस हेतु एक Software Design किया जायेगा। Software Design हेतु धनराशि का वहन विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

3. प्रोन्नत केवल Regular उन छात्रों को ही किया जायेगा जिनकी परीक्षा शुल्क संबंधित संस्थान के माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।

4- पूर्व सेमेस्टरों के छात्रों की बैक पेपर परीक्षा पूर्व की भाँति Odd/Even Semester के अनुसार की जायेगी तथा बैक पेपर में प्रोन्नत की सुविधा नहीं दी जायेगी।

एजेण्डा बिन्दु–24 (2)

2. **फार्मेसी पाठ्यक्रमों के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ्म सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं की परीक्षाओं हेतु PCI के मानकानुसार परीक्षाओं के संचालन हेतु चर्चा।**

प्रस्ताव– फार्मसी पाठ्यक्रम हेतु PCI के अनुसार B. Pharmacy द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ्म सेमेस्टर की परीक्षाओं का आयोजन विश्वविद्यालय के नियमानुसार फरवरी, 2021 में प्रस्तावित है।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा फार्मेसी पाठ्यक्रमों के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ्म सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं की परीक्षाओं हेतु PCI के मानकानुसार परीक्षाओं को माह फरवरी, 2021 में सम्पन्न कराये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी।

एजेण्डा बिन्दु–24 (3)

**लॉ पाठ्यक्रमों के द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठ्म एवं अष्ठ्म सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं की परीक्षाओं हेतु के BCI के मानकानुसार परीक्षाओं के संचालन हेतु चर्चा।**

प्रस्ताव– लॉ पाठ्यक्रमों में BCI के पत्र दिनांक 09.06.2020 में अवगत कराया गया है कि All Students, except final year students, will be promoted on the basis of performance of previous year's marks obtained in the internal examination of the current year. However, it is clarified that after reopening of the colleges/ universities, the Universities shall conduct the end semester examination with respect to the year from which they have been promoted within a reasonable period of time, though, such promoted students shall continue to study in the year to which they have been promoted, and in case they are unable to pass/clear any such paper of such end semester exam of clear the same, before they are granted the degree. In the case of students who have been promoted to the final year as LLB students, they shall have to pass all papers in order to obtain their degree/s. के अनुसार लॉ पाठ्यक्रम की intermediate semester परीक्षायें विश्वविद्यालय के नियमानुसार माह फरवरी, 2021 में प्रस्तावित है।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा लॉ पाठ्यक्रमों के द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठ्म एवं अष्ठ्म सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं की परीक्षाओं हेतु के BCI के मानकानुसार परीक्षाओं को माह फरवरी, 2021 में सम्पन्न कराये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी।

एजेण्डा बिन्दु–24 (4)

4. वर्तमान में अध्ययनरत छात्रों के विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं सम्पादन किये जाने हेतु चर्चा।

प्रस्ताव– वर्तमान में अध्ययनरत छात्रों की Online Class संचालित हो रही है। Offline Class हेतु विश्वविद्यालय के पत्र दिनांक 15.12.2020 द्वारा सस्थानों को कक्षाओं हेतु नियमानुसार निर्देशित किया जा चुका है। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार तृतीय, पंचम, सप्तम, नवंम सेमेस्टरों पाठ्यचर्या लगभग 70 प्रतिशत तथा प्रथम सेमेस्टर की पाठ्यचर्या लगभग 15 प्रतिशत समाप्त हो चुकी है।

अतः AICTE, BCI, PCI के मानकानुसार न्यूनतम वादनों के उपरान्त अध्ययनरत छात्रों की Odd Sem की तृतीय, पंचम, सप्तम तथा नवम् सेमेस्टरों की परीक्षायें फरवरी, 2021 के अन्तिम सप्ताह तथा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षायें मार्च के द्वितीय सप्ताह में प्रस्तावित है।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा Odd Sem की तृतीय, पंचम, सप्तम तथा नवम् सेमेस्टरों की परीक्षायें फरवरी, 2021 के अन्तिम सप्ताह तथा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षायें मार्च के द्वितीय सप्ताह में कराये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी (Lateral Entry छात्रों की admission में देरी से यह परीक्षाएं इन छात्रों के पाठ्यकम समाप्ति उपरान्त करायी जा सकती है)। इनके साथ–साथ संबंधित Odd सेमेस्टरां के बैक पेपर भी आयोजित कराये जायेगें।

एजेण्डा बिन्दु–24 (5)

5. अगले सम सेमेस्टर की कक्षाओं की तिथियों पर चर्चा।

प्रस्ताव– Even Semesters की कक्षाओं द्वितीय सेमेस्टर को छोड़कर यथा–चतुर्थ, षष्ठ्म, अष्ठ्म एवं दश्म सेमेस्टर की कक्षायें मार्च के द्वितीय सप्ताह में प्रस्तावित है तथा द्वितीय सेमेस्टर की कक्षायें अप्रैल के प्रथम सप्ताह के प्रस्तावित है। तद्नुसाार शैक्षिक कलेण्डर जारी किया जायेगा, लेकिन संस्थायें यदि चाहे तो Online classes पूर्व में प्रारम्भ की जा सकती है।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा Even Semesters की कक्षाओं द्वितीय सेमेस्टर को छोड़कर यथा–चतुर्थ, षष्ठ्म, अष्ठ्म एवं दश्म सेमेस्टर की कक्षायें मार्च के द्वितीय सप्ताह में तथा द्वितीय सेमेस्टर की कक्षायें अप्रैल के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ कराने हेतु सहमति प्रदान की गयी लेकिन यह भी प्रस्तावित किया कि यदि Odd सेमेस्टर की परीक्षाओं में विलम्ब होने पर किसी संस्था के छात्र/छात्राओं के Odd सेमेस्टर का कोर्स समाप्त होने पर संस्थायें यदि चाहे तो Even सेमेस्टर की Online classes पूर्व में कर सकती है।

एजेण्डा बिन्दु–24 (6)

6. बैक पेपर परीक्षाओं पर चर्चा।

प्रस्ताव– बैक पेपर की परीक्षायें Odd Sem की Odd Sem साथ तथा Even Sem की Even Sem के साथ आयोजित की जायेगी।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा बैक पेपर की परीक्षायें Odd Sem की Odd Sem साथ तथा Even Sem की Even Sem के साथ आयोजित कराने हेतु सहमति प्रदान की गयी।

अन्य विन्दु–

(1) COVID-19 के कारण अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षाओं में जो छात्र न बैठ पाने कारण उनकी छूटी परीक्षा का सम्पादन विश्वविद्यालय द्वारा माह फरवरी, 2021 में किया जाना प्रस्तावित है।

(2) उपरोक्तानुसार आगामी फरवरी, मार्च/अप्रैल, 2021 में प्रस्तावित बिन्दु–2,3 एवं 4 में अंकित परीक्षाओं को सम्पादित किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को समय सारणी, प्रिटिंग संबंधी, समस्त गोपनीय, पेपर सैटिंग, उत्तर पुस्तिकाओं को छपवाने आदि परीक्षा संबंधी कार्य हेतु मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा COVID-19 के कारण अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षाओं में जो छात्र न बैठ पाने कारण उनकी छूटी परीक्षा का सम्पादन विश्वविद्यालय द्वारा माह फरवरी, 2021 में आयोजन किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी तथा परीक्षाओं को सम्पादित किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को समय सारणी, प्रिटिंग संबंधी, समस्त गोपनीय, पेपर सैटिंग, उत्तर पुस्तिकाओं को छपवाने आदि परीक्षा संबंधी कार्य हेतु मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त अधिकृत किया गया। इसके अतिरिक्त समिति के सदस्यों के अनुसार दी गयी सुझाव के अनुरूप परीक्षाओं के आयोजन एवं रिजल्ट के तैयार करने एवं मूल्यांकन आदि कार्य में उच्च तकनीकी का प्रयोग करने हेतु भी सहमति प्रदान की गयी।

अन्त में अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की।

(मा0 कुलपति)
अध्यक्ष

(कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक)
सदस्य–सचिव

**बीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून**
**कार्यालय पता–सुद्धौवाला, पो0ओ0 चन्दनवाड़ी, प्रेमनगर, चकराता रोड़, देहरादून–248007**
Website-www.uktech.ac.in

पत्रांक–1423/परीक्षा समिति/यू0टी0यू0/2021 दिनांक/12 जनवरी.2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलपति महोदय को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, यू0टी0यू0, देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, यू0टी0यू0, देहरादून।
4. परीक्षा समिति के सभी सम्मानित सदस्यों एवं आंमत्रित सदस्यों को सूचनार्थ।

(कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक)